**415. 'निमाड़ी एवं रागड़ी' किस बोली की उप-बोलियाँ हैं?**
(a) मेवाती (b) मारवाड़ी
(c) मालवी (d) हाड़ौती
**Motar Vahan Upnirikshak-15.09.2021**
**Gram Sevak & Hotal Supritendent-2016**
**VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV**

**Ans. (c) –** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**416. ढूँढाड़ी बोली के प्रचलित विविध रूपों में निम्न में से कौन सा सही नहीं है?**
(a) तोरावाटी (b) नागरचोल
(c) चौरासी (d) खैराड़ी
**RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022**

**Ans. (d) :** ढूँढाड़ी पूर्वी राजस्थान की प्रमुख बोली है। यह जयपुर टोंक, अजमेर में बोली जाती है। तोरावटी, चौरासी, अजमेरी राजावाटी, नागरचोल, किशनगढ़ी तथा काठेडी इसकी प्रमुख उपबोलियां है। खैराड़ी, मेवाड़ी, ढूँढाड़ी व हड़ौती का मिश्रण है। यह बूंदी, भीलवाड़ा (मालखेराड क्षेत्र) में बोली जाती है। इस बोली पर मालवी भाषा का प्रभाव है।

**417. तोरावाटी, काठेड़ी, राजावाटी बोलियों का सम्बन्ध किस क्षेत्र से है-**
(a) हाड़ौती (b) मेवाती
(c) ढूँढाड़ी (d) मालवी
**Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016**

**Ans. (c) –** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**418. निम्नलिखित में से किस बोली पर मालवी का शक्तिशाली प्रभाव है?**
(a) ढूंढ़ाडी (b) अहीरवाटी
(c) वागड़ी (d) मेवाती
**LDC Exam 16.09.2018**

**Ans. (a) –** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**419. निम्न में से किस क्षेत्र में ढूँढाड़ी भाषा प्रधानता से बोली जाती है?**
(a) शेखावाटी (b) सीकर
(c) उदयपुर (d) जयपुर
**कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020**

**Ans. (d) –** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**420. निम्नलिखित बोलियों में से कौन सी ढुँढाड़ी की उप बोली नहीं है?**
(a) तोरावाटी (b) राजावाटी
(c) नागरचोल (d) अहीरवाटी
**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) परीक्षा-2019**
**कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020**

**Ans. (d) –** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**421. राजावटी एवं नागरचोल किस बोली की उप-बोलियाँ हैं?**
(a) मेवाड़ी (b) ढूँढ़ाड़ी
(c) रांगड़ी (d) बागड़ी
**Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**422. निम्न में से कौन-सा क्षेत्र ढूँढाड़ी बोली के लिये जाना जाता है?**
(a) शेखावाटी (b) हाडौती
(c) जयपुर-टोंक (d) मारवाड़
**कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019**

**Ans. (c) –** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**423. धाती, मारवाड़ी की एक उप-बोली, राजस्थान के किस क्षेत्र में बोली जाती है?**
(a) बूंदी (b) बाड़मेर
(c) प्रतापगढ़ (d) सीकर
**RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II**

**Ans. (b) :** धाती, मारवाड़ी की एक उप-बोली, राजस्थान के बाड़मेर क्षेत्र में बोली जाती है। राजस्थान के पश्चिमी भाग में मुख्य रूप से मारवाड़ी बोली प्रयोग की जाती है। यह शुद्ध रूप से जोधपुर क्षेत्र की बोली है। मारवाड़ी बोली की प्रमुख उप-बोलियों में पाली, ढढकी बीकानेरी, शेखावटी, मेवाड़ी, खैराड़ी, सिरोही, जोधपुरी, थली, गौड़वाड़ी, नागौरी आदि प्रमुख हैं। साहित्यिक मारवाड़ी को डिंगल कहते हैं। अधिकांश चारण कवियों का साहित्य डिंगल भाषा में रचित है।

**424.निम्नलिखित में से कौन-सी मारवाड़ी की उपबोली नहीं है?**
(a) बीकानेरी (b) नागरचोल
(c) जोधपुरी (d) थली
**उत्तर** – (b)
**RPSC RAS/RTS 2012**

**व्याख्या –** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**425. मारवाड़ी बोली के साहित्यिक रूप को क्या कहा जाता है?**
(a) डिंगल (b) पिंगल
(c) मेवाती (d) बागड़ी
**पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019**

**Ans. (a) –** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**426. केसरीसिंह बारहठ ने मेवाड़ महाराणा को 13 सोरठे किस भाषा में लिखकर भेजे थे?**
(a) पिंगल
(b) डिंगल
(c) मेवाड़ी
(d) पिंगल और मेवाड़ी दोनों
**कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020**

**Ans. (b) –** ठाकुर केसरी सिंह बारहठ राजस्थान के प्रसिद्ध कवि एवं क्रांतिकारी थे। वर्ष 1903 में वायसराय लार्ड कर्जन द्वारा आहूत दिल्ली दरबार में शामिल होने से रोकने के लिए उन्होंने उदयपुर के मेवाड़ महाराणा फतेह सिंह को संबोधित करते हुए 'डिंगल भाषा' भाषा में 'चेतावनी रा 'चूंगट्या'' नामक तेरह सोरठे लिखे जो उनकी अंग्रेजों के विरुद्ध भावना की स्पष्ट अभिव्यक्ति थी।

**427. डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा क्षेत्र में बोली जाने वाली बोली है–**
(a) वागड़ी (b) मालवी
(c) मारवाड़ी (d) मेवाड़ी
**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019**
**पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018**
**RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022**